3313(E)
18/05/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 18/05/26 को सम्पन्न अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

पटना सिटी पथ प्रमंडल, गुलजारबाग के अन्तर्गत Restoration work of Shershah Road from Km. 0.00 to 2.50 (Total Length 2.50 Km.) for the year 2025-26 की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री विजय कुमार, मुख्य अभियंता, अनुश्रवण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–02.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–4141 दिनांक–02.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–4463(अनु०) दिनांक–26.12.2025 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–26.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–173(E)We दिनांक–09.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–431(अनु०) दिनांक–03.02.2026 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Restoration work of Shershah Road from Km. 0.00 to 2.50 (Total Length 2.50 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पटना सिटी पथ प्रमंडल, गुलजारबाग। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹195.00 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–5736(S) दिनांक–27.06.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹200.78 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2521(अनु०) दिनांक–18.07.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹204.43908 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 04 (Four) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 23.09.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकल निविदाकार सफल होने के कारण पुनर्निविदा आमंत्रित की गई है। |

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 03 (तीन) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Randhir Kumar (2) Aditya Enterprise

(3) Zeliezhu and Sons

4. दिनांक–02.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में 03 (तीन) निविदाकारों में 01 (एक) निविदाकार Zeliezhu and Sons को NIT के क्रमांक–10 के तहत् तकनीकी बीड में असफल तथा शेष 02 (दो) निविदाकार यथा (1) Randhir Kumar एवं (2) Aditya Enterprise की निविदा की न्यूनतम वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–4141 दिनांक–02.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–02.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा Zeliezhu and Sons के पत्रांक–शून्य दिनांक–04.12.2025 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–4463(अनु०) दिनांक–26.12.2025 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई।

6. <u>परिवाद</u>:– उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Zeliezhu and Sons के पत्रांक–शून्य दिनांक–04.12.2025 को प्राप्त इस कार्यालय में विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| 1. | Zeliezhu and Sons | With reference to the above mentioned subject, I would like to draw your kind attention to following Few lines :<br>1. The our Technical Bid for above work has been marked Non-responsive as there was no validity date mentioned in our registration certificate.<br>2. That in this regard I would like to bring to your kind notice that in our certificate it is mentioned that certificate is valid and it is also to be noted that all registration certificates in Nagaland PWD are renewed after 5 financial years from FY in which they are registered.<br>3. That in this regard I have enclosed an Officer Order issued by CE(R&B), PWD, Nagaland for your information and necessary action. | निविदाकार Zeliezhu and Sons द्वारा Technical Bid में Upload किये गये Registration Certificate में Valid upto की तिथि अंकित नहीं है। इनके द्वारा परिवाद के साथ Registration Certificate के Validity के समर्थन में जो पत्र संलग्न किया गया है उसके Date of Issue & Date of Signature में परस्पर विरोधाभास है। इसलिए इनका Registration Certificate मान्य नहीं है।<br>अतः इनके परिवाद को अमान्य किया जाता है। |

7. <u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः</u>–

परिवाद की समीक्षा के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त दिनांक–02.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गये निर्णय को यथावत् रखने की अनुशंसा की जाती है।

8. **अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति का निर्णयः–**

8.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–4463(अनु०) दिनांक–26.12.2025 के माध्यम से पुनर्निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–26.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–173(E)We दिनांक–09.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–431(अनु०) दिनांक–03.02.2026 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा Zeliezhu and Sons के पत्रांक–शून्य दिनांक–04.12.2025 द्वारा दिए गए परिवाद को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) उपभागीय ज्ञापांक–4141 दिनांक–02.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–02.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया।

(iv) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

18/05/26
(मजीद अहमद)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

18/5/26
(राजकुमार)
मुख्य अभियंता,
दक्षिण,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

18/5/26
(विजय कुमार)
मुख्य अभियंता,
अनुश्रवण,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

18/5/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–256/2025 3313(E) पटना, दिनांक 18/05/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/5/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।